बिहार पशुचिकित्सा संघ

कार्यालय–संघ भवन, विद्यापति मार्ग, पटना–800001

पत्रांक 09 /   दिनांक 4.3. / 2020

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
बिहार, पटना।

विषय ः–दिनांक 25.04.2020 को "World Veterinary Day" कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेतु सहमति प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

अपार हर्ष के साथ महोदय को सादर सूचित करना है कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "World Veterinary Day" कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 25.04.2020 के पूर्वाह्न 11.30 बजे से बामेती, पटना के सभागार में किया जाना है। भवदीय के कर कमलों द्वारा कार्यक्रम के उद्घाटन हेतु बिहार पशुचिकित्सा संघ, महोदय को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में सादर आमंत्रित करता है।

महोदय समस्त पशुपालन परिवार एक साथ 903 पशुचिकित्सकों की वृहत स्तर पर नियुक्ति, संविदा पर कार्यरत पशुचिकित्सकों को मानव चिकित्सकों के समतुल्य रु0 65000/– मानदेय राशि प्रदान करने, दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों सहित सम्पूर्ण प्रदेश में अस्पताल का नया भवन निर्माण आदि के लिए भवदीय का आभारी है तथा महोदय को आश्वस्त करना चाहता है कि महोदय के मार्गदर्शन में जिस तरह विभाग को टीकाकरण एवं अंडा उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्पूर्ण देश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, उसी तरह आगे भी आपके मार्गदर्शन एव हम सभी पशुचिकित्सकों के सहयोग से पशुपालन विभाग देश में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

महाशय सभी पशु चिकित्सक गण पलक बिछाये महोदय के आगमन हेतु आशान्वित हैं। कृपया अपने व्यस्त कार्यक्रम में से अपना बहुमूल्य समय निकाल कर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारने की असीम कृपा करना चाहेंगे।

विश्वासभाजन

Binod Kumar Mukta

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव

मो0–7488601083